हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 19 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

4 प्रभारी सचिव ने विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण


## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 25 व 26 को

**जांजगीर-चांपा।** युवाओं और विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र की खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का सफल आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन आगामी 25 से 26 नवम्बर तक किया जाएगा। यह आयोजन नंदेली खेल मैदान, सक्ती में उक्त तिथि को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### भारतमाला परियोजना भूमि अधिग्रहण प्रकरण में दावा-आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** भारतमाला परियोजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले में किये गये भूमि अधिग्रहण में अनियमितता के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर से जानकारी प्राप्त किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार भारतमाला परियोजना अंतर्गत संबंधित किसी प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है तथा जांच में प्रकरण निरंक पाया गया है। इस कार्यालय द्वारा प्रकरणों में सभी किस्म के भूमि का मूल्यांकन कलेक्टर द्वारा निर्धारित गाईड लाईन प्रचलित वर्ष अनुरूप जो जिला मूल्यांकन समिति एवं केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड एवं महानिरीक्षक पंजीयन के तहत प्रति हेक्टेयर की दर से की गई है।

### मस्जिद रोड निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर 30 को चक्का जाम

**अकलतरा।** मस्जिद रोड निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने पर 30 नवंबर तक नगर विकास समिति के द्वारा चक्का जाम किए जाने का निर्णय दिया गया है। नगर के मस्जिद रोड की खराब स्थिति से परेशान नागरिकों ने अब आंदोलन का मन बना लिया है। नगर विकास समिति ने चेतावनी दी है कि यदि 30 नवंबर तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो 1 दिसंबर को शास्त्री चौक में चक्काजाम व धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह स्टेशन जाने का प्रमुख वैकल्पिक मार्ग है, ऐसे स्यों को भी आवागमन में दिक्कत होती है। शिकायतों के बावजूद नगर पालिका द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सुशील जैन ने कहा कि कुछ महीने पहले अधिकारियों को चुनाव बहिष्कार की चेतावनी देने पर सड़क मरम्मत और डामरीकरण का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आश्वासन के बाद भी आज तक ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया, और न ही नगर पालिका ने उस पर कोई कार्रवाई की। बैठक में अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सारथी ने आश्वासन दिया कि वे ठेकेदार और अधिकारियों से बात कर सड़क निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने का प्रयास करेंगे। चर्चाओं के बाद उन्होंने कहा कि 30 नवंबर तक डामरीकरण कार्य शुरू हो जाएगा।

## धान खरीदी शुरू होने के चार दिनों बाद भी व्यवस्था दुरूस्त नहीं

# हड़ताल खत्म कराने के बाद ज्वाइनिंग में उलझा अमला, प्रभारी तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


धान बेचने पहुंचा किसान।

राज्य शासन की मंशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की औपचारिकत शुरूआत 15 नवंबर से हो गई है। इसके साथ ही समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने की घोषणा भी हो चुकी है, लेकिन पूरा अमला अभी भी हड़ताली कर्मचारियों को ज्वाइन कराने में मशक्कत कर रहा है। कागजी आंकडों में भले ही सभी की ज्वाइनिंग बताई जा रही है, लेकिन अधिकांश समितियों में कर्मचारी नहीं पहुंच रहे है। इधर विभाग भी अभी तक केन्द्र प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटरों का नाम तय नहीं कर सका है।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान शुरू होने के करीब दो सप्ताह पहले से ही समिति कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। इस दौरान जिले के 101 समिति अंतर्गत 129 धान खरीदी केन्द्रों में प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटरों का नाम फाईनल नहीं हो सका था। इधर 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत करने प्रशासन के निर्देशन में विभाग द्वारा वैकल्पिक तौर पर अध्यक्ष और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई थी। इस दौरान प्रशासनिक स्तर पर पहल की गई और समिति कर्मचारियों का आंदोलन जिला स्तर पर समाप्त कराया गया। जांजगीर चांपा जिले में समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के साथ प्रतिनिधि मंडल ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा करते हुए कार्यभार ग्रहण करने पर सहमति जताई। इसके साथ ही विभागीय अमला हडताली कर्मचारियों को ज्वाइन कराने में जुट गया। विभागीय जानकारी के मुताबिक जिले के 12 शाखा अंतर्गत 11 शाखाओं के अधीनस्थ समिति कर्मचारियों ने कार्यभार ग्रहण करने सहमति पत्र प्रदान किया। वहीं मंगलवार 18 नवंबर को अकलतरा समिति के कर्मचारियों का सहमति पत्र जमा हुआ है। इस तरह से विभागीय अधिकारियों के मुताबिक समिति के सभी कर्मचारियों ने ज्वाइनिंग दे दी है, लेकिन मौके पर स्थिति और कुछ ही बताई जा रही है। कागजी कार्रवाई में भले ही समिति कर्मचारी हड़ताल समाप्त करके काम पर लौट गए है, लेकिन अधिकांश समितियों में उनकी उपस्थिति नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि यही वजह है कि धान खरीदी अभी विधिवत नहीं हो पा रही है और केन्द्रों में भी कही कोई समुचित तैयारी नजर नहीं आ रही है। इतना ही नहीं विभाग द्वारा भी केन्द्र प्रभारी और कम्प्यूटर आपरेटरों के नाम तय नहीं किए जा सके है।

### दो केन्द्र में 67 क्विंटल धान की हुई खरीदी

जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 2 केन्द्र में 67 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। अकलतरा क्षेत्र के तिलई उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी के पहले दिन ही 15 नवंबर को 16 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी, वहीं इसके बाद उपार्जन केन्द्र खटोला में 51 क्विंटल धान की खरीदी हुई। अभी भी जिले के 127 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की बोहनी नहीं हो सकी है। वैसे भी जिले में दिसंबर की शुरूआत से धान खरीदी में तेजी आती है। अभी अधिकांश क्षेत्र में किसान धान की मिंजाई के कार्य में व्यस्त है। ऐसे में खरीदी केन्द्रों में पखवाड़े भर बाद किसानों की भीड़ बढेगी।

### हो गई ज्वाइनिंग

हड़ताल समाप्ति के बाद समिति के सभी कर्मचारियों को ज्वाइनिंग कराने का काम दो दिनों तक किया गया है। पूर्व में जो प्रभारी तय हुए थे, वह वैकल्पिक व्यवस्था थी। ज्वाइनिंग के बाद समिति कर्मचारी ही खरीदी करेंगे। प्रभारियों के नाम शीघ्र ही तय किए जाएंगे।

-अमित साहू,
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# अधिकांश सरकारी स्कूलों में नहीं लैब और उपकरण का समुचित इंतजाम

## बोर्ड के छात्रों को प्रैक्टिकल के दौरान होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जांजगीर चाम्पा जिले में 174 हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। इनमें से अधिकांश सरकारी स्कूलो में छात्रो को प्रैक्टिकल कराने के लिए संसाधनो की समुचित व्यवस्था तक नही हो पाई है। जिसके कारण छात्रो को परेशानी उठानी पडती है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के पामगढ, अकलतरा, नवागढ, बम्हनीडीह एवं बलौदा ब्लाक को मिलाकर 174 हाई एवं हायर सेकेन्डरी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। नवम्बर एवं दिसम्बर का महीना बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले 10वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए प्रैक्ट्रिकल दिलाने के पूर्व स्कूलो में रखे लैब के माध्यम से प्रैक्टिकल की तैयारी करने का रहता है। वही अधिकांश सरकारी स्कूलो में लैब की समुचित व्यवस्था तक नही है। जिसके कारण प्रैक्ट्रिकल परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रो को कई तरह की दिक्कतो का सामना करना भी पड रहा है। जिले में 80 हाई एवं 94 हायर सेकेन्डरी स्कूलो का संचालन किया जा रहा है। वही इन सरकारी स्कूलो में 10 हजार 440 से अधिक छात्र छात्राए पढाई लिखाई करने के साथ साथ इस समय प्रैक्ट्रिकल की तैयारी में लगे हुए है। स्कूलो में प्रैक्ट्रीकल को लेकर जानकारी भी दी जा रही है। 10 वी बोर्ड के छात्रो को जहां विज्ञान विषय एवं 12वी बोर्ड के छात्रो को प्रमुख रूप से भौतिक ,रसायन एवं जीवविज्ञान के विषय में प्रैक्टिकल परीक्षा दिलाना रहता है। लेकिन व्यवस्थित लैब और उपकरण के अभाव में प्रैक्टिकल की गतिविधियां धरातल पर नजर तक नही आती। कई स्कूलो में लैब की व्यवस्था तो जैसे तैसे करके बना ली गई है। लेकिन स्कूलो मे रखे लैब के सामना एवं अन्य उपकरण देखरेख के अभाव में धीरे धीरे खराब होते जा रहे है। जिसका खामियाजा प्रैक्ट्रिकल कार्य में लगे छात्रो को भुगतना पड जा रहा है।

### बोर्ड परीक्षा के दौरान जुडता है अंक

10 वी एवं 12 वी बोर्ड प्रैक्ट्रिकल परीक्षा में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 25 अंक निर्धारित किए जाते है। वही 25 नंबर का अंक बोर्ड परीक्षा के अंक में जुडता है। 10 वी बोर्ड विज्ञान विषय के 25 अंक, 12 वी बोर्ड परीक्षा भौतक विषय के 25 अंक, रसायन विषय के 25 अंक एवं जीवविज्ञान विषय के 25 अंक जुडते है। जो बोर्ड परीक्षा के प्रतिशत बढाने का काम करते है। वही यह नंबर देना स्कूलो मे प्रैक्ट्रिकल कराने पहुंचे र्स्टनल शिक्षको के हाथ में रहता है। लेकिन सरकारी स्कूलो में लैब की समुचित ब्यवस्था तक नही हो पाती है। जिसका असर छात्रो के प्रैक्ट्रिकल कार्य पर पडता है। और छात्र प्रैक्ट्रिकल में अच्छे अंक पाने से बाहर हो जाते है।

### ली जाएगी जानकारी

सरकारी स्कूलो मैं लैब की समुचित ब्यवस्था बनाई गई है। इन दिनो स्कूलो में प्रैक्टिकल कार्य चल रहा है। जिन स्कूलो में समस्या आ रही है। वहां की जानकारी लेकर ब्यवस्था बनाने निर्देशित किया जाएगा।

-अशोक सिन्हा
डीईओ, जांजगीर चाम्पा

# फिरौती के लिए अपहरण करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

किडपैन कर 17 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम दर्राभांठा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 जून 2025 को प्राथी बुधराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पुत्र किशन कुमार साहू को आरोपी के द्वारा किडनैप कर फिरौती में 17 लाख की मांग की जा रही है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। दौरान विवेचना आरोपी अपहत किशन कुमार को अभय कुमार के कब्जे से बरामद किया गया। जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी दीपक रात्रे और आयशा बेगम के साथ मिलकर उक्त घटना करना बताया। जिस पर से अन्य आरोपियो की पता तलाश की जा रही थी। मामले में आयशा बेगम को गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा जा चुका है। आरोपी दीपक घटना दिनांक के बाद से फरार था। जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय से रिमांड प्राप्त कर घटना के संबंध में पूछताछ किया जो अपने ने साथियों के साथ मिलकर किशन साहू को फिरौती के लिए अपहरण करना बताया तथा घटना में प्रयुक्त चाकू को घर में होना बताया। जिसे आरोपी के पेश करने पर जप्त किया गया। बाद आरोपी को न्यायालय पेश कर जिला जेल जांजगीर में दाखिल किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक माणिकांत पांडे, उप निरीक्षक कमल दास बनर्जी व अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

**खास बात**
- सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम दर्राभांठा का मामला

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही, बीएलओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में एक बीएलओ को कलेक्टर ने निलंबित कर दिया गया है। मामला अकलतरा ब्लाक के सोनसरी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे द्वारा बीएलओ सच्चिदानंद कश्यप को निलंबित कर दिया गया है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 201 हेतु नियुक्त बी.एल.ओ. सच्चिदानंद कश्यप, शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनसरी, विकासखण्ड अकलतरा को 3 नवंबर को आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था, जो अपराह्न 2 बजे से 4:30 बजे तक सेजेस अकलतरा में सम्पन्न होना निर्धारित था। संबंधित मतदान केन्द्र क्रमांक 201 के बी.एल.ओ. सच्चिदानंद कश्यप के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने तथा आदेशों का पालन नहीं करने के संबंध में सूचना कार्यालय को प्राप्त हुई है। प्रशिक्षण में अनुपस्थिति तथा आदेशों का पालन नहीं किए जाने उपरांत तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अकलतरा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी होने पर भी नियत समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उच्च कार्यालय द्वारा दिए गए आदेशों का उल्लंघन है, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13ख(2) तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। फलस्वरूप, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)के खण्ड (क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बी.एल.ओ. सच्चिदानंद कश्यप, शिक्षक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोनसरी, विकासखण्ड अकलतरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, अकलतरा निर्धारित किया गया है।

- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा के तहत कार्रवाई

# शराब के अवैध भंडारण पर कार्रवाई आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवागढ।** शराब के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्दा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम मिस्दा में शराब के अवैध भंडारण पर कार्रवाई की गई है। पुलिस को अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायत मिल रही थी। नवागढ़ पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि मिस्दा निवासी टीकम चंद अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ कीमती 1 हजार रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश शेन्डे थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक प्रेमलाल दिवाकर, आरक्षक, रमेश भारद्वाज, राम सरकार कश्यप, अमन राजपूत एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

# रास्ता रोककर महिला के साथ छेड़छाड़, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा




रास्ता रोककर महिला के साथ छेडछाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता को सोमवार 17 नवंबर को शाम को रास्ते में आरोपी भोला उर्फ दिनेश धिरही बेइज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता बीच बचाव करते हुए चिल्लाई तो उसे अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा। पीड़िता के द्वारा घटना की सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए भोला उर्फ दिनेश घिरही उम्र 25 वर्ष निवासी गुरूघासीदास चौक अकलतरा को पकड़ा एवं हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिस पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किए जाने से धारा-296,115 (2), 74 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा का योगदान रहा।

## फैंसी कंबलों की बढ़ी मांग, आलमारी में रखे गर्म कपड़े भी आने लगे बाहर

# ठंड बढ़ते ही घरों से निकलने लगे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


दुकान में गर्म कपड़े पसंद करते ग्राहक।

ठंड बढ़ने के साथ ही जैकेट, स्वेटर, कंबल, रजाई, टोपी, मफलर, दास्ताना सहित अन्य कपड़े की बिक्री शुरू हो गई है। बदलते परिवेश में फैंसी कंबलों की मांग बढ़ गई है। शाम ढलने के साथ ही लोग गर्म कपड़ो में नजर आने लगे है।

गौरतलब है कि इस वर्ष अगहन माह के तीसरे सप्ताह में ठंड बढ़ने लगी है। सूर्यास्त के बाद तथा अलसुबह ठंडी हवाएं चल रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन का अधिकतम तापमान जहां 26डिग्री सेल्यसियस तो न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया जा रहा है। इसके चलते गरम कपड़ों की मांग बढ़ गई है। पहले लोग पारंपरिक रजाई का उपयोग करते थे, लेकिन बदलते परिवेश में फैंसी कंबलों की मांग बढ़ गई है। बाजार में पोलो, फलालेन, जयपुरी, कश्मीरी व वेलवेट की कंबले चार सौ से दो हजार रुपए के भाव में उपलब्ध हैं। इसी तरह देशी व कई कंपनी की रजाईयां उपलब्ध है। पिछले साल की तुलना में इस बार रूई के भाव में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले की तुलना में कंबलों की मांग ज्यादा है। हालांकि रजाई की मांग अब भी है। इसी तरह जैकेट, स्वेटर, दास्ताना, मंकी कैप आदि की बिक्री हो रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के संचालकों ने बताया कि ठंड में इस बार युवकों के लिए लेदर व ऊन के जैकेट, स्वेटर, कोट, दास्ताना, टोपी आदि पांच सौ से तीन हजार रुपए में उपलब्ध हैं। इसी तरह महिलाओं व युवतियों के लिए फैंसी स्वेटर, जैकेट आदि उपलब्ध है। नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में ठंड बढ़ने के बाद गरम कपड़ों की पूछ परख शुरू हो गई थी। अब ठंड बढ़ने के साथ ही लोग गर्म कपड़ों की खरीददारी में जुट गए है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## मॉर्डर्न हाई स्कूल हसौद में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव आयोजित



**हसौद।** मॉडर्न हाई स्कूल हसौद में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद दिवस धमनी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नेतराम दीपक मधुकर सरपंच धमनी तथा विश्वनाथ प्रताप टंडन (सीएसी, हसौद) उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य पंडित नाग ने अतिथियों का स्वागत किया। दो दिनों तक छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं दौड़, कबड्डी, खो-खो, लॉन्ग जंप, हाई जंप, सैक रेस, स्पून रेस, बलून गेम, कप गेम, बॉल पासिंग, जलेबी रेस, म्यूज़िकल चेयर, स्पाइडर गेम आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की सफलता में क्रीड़ा प्रभारी ओमती एवं कविता का विशेष योगदान रहा। इनके साथ ही सितु, सौरभ, हेमलता, अनुरेखा, नीता, अंजना, राजेश्वरी, सुमित्रा, जीतू, कामना, बिंदु, पिंकी, हर्ष तथा अनीता ने भी आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। अतिथि श्री टंडन ने विद्यालय द्वारा किए गए उत्कृष्ट आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। वहीं सरपंच श्री माधुक्रर ने कहा कि यह मैदान अनेक छात्रों के जीवन निर्माण का आधार रहा है और यहां से कई बच्चे अधिकारी बनकर निकले हैं। समापन अवसर पर प्राचार्य पंडित नाग ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ उमेश कुमार दुबे समाज रत्न सम्मान से सम्मानित

**बिर्रा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब चांपा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप



नामदेव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांपा, धीरेंद्र बाजपेई डायरेक्टर डीबी वेंचर्स, ईश्वर दुबे प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन की गरिमामयी उपस्थिति में डॉ उमेश कुमार दुबे शिक्षक को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार करने, समाज सेवा, मानवता, सहयोग भावना तथा सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय और प्रेरणादायी कार्यों के लिए, पीड़ित, जरूरतमंद और आमजन की सहायता हेतु किए गए प्रयास समाज के लिए डॉक्टर उमेश कुमार दुबे शिक्षक को प्रेस क्लब चांपा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा समाज रत्न सम्मान सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया है। डॉ उमेश कुमार दुबे का समाज रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर बिर्रा क्षेत्र के शिक्षकों में खुशी की लहर है।

## कन्नौजिया तेली समाज की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** कन्नौजिया तेली समाज बनारी इकाई का बैठक 16 नवंबर को पुर्णिमा इंग्लिश मीडियम स्कूल बनारी में आयोजित हुआ । बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रामफल साव, शंकर लाल साहू रामकृपाल साहू, प्रेमलाल साहू, मूलचंद साहू, लक्ष्मी प्रसाद साहू, चिंताराम साहू, नरेंद्र साहू, प्रमोद साहू, सत्येंद्र साहू, हेमंत साहू, संतोष साहू, योगेश साहू, फिरंगी लाल साहू, मणिलाल साहू अंगद प्रसाद साहू नंदलाल साहब दिनेश साहू मुकेश साहू, शिव साहू, विष्णु चरण साहू, हीरालाल साहू, ननकी साहू, केशव साहू रामशरण साहू के उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 23 नवंबर को सामाजिक सहभागिता के साथ ग्राम बनारी के तेली समाज का सामाजिक आंवला भोज किया जाएगा। साथ ही कनौजिया तेली समाज के प्रदेश कार्यकारिणी का मासिक बैठक और ग्राम के इकाई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। आंवला भोज के लिए उपस्थित लोगों को जिम्मेदारी दिया गया है। सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के महत्त्व को विस्तार से समझाया। संगठन को गठित करने के लंबे प्रक्रिया से संरक्षक सदस्य रामकृपाल गुरूजी ने सभा को अवगत कराया। महासचिव सुरेश साहू ने सभा को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

### लायंस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व आनंद मेले का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये अनेक मॉडल व लगाये फूड स्टॉल

# विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का होता है विकासः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेले का आयोजन दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डिसट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी थे।

सर्वप्रथम विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पहार पहनाकर किया गया। इसके पश्चात सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते लायन सदस्यगण।

विकास होता है। विशिष्ट अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं लायन संतोष कुमार सोनी ने भी विज्ञान प्रदर्शनी तथा आनंद मेले के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने विज्ञान प्रदर्शनी के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षक सतीश यादव, ओ. पी. पाण्डेय, व्ही. के. वर्मा एवं डी. पी. तिवारी के नेतृत्व में विज्ञान प्रदर्शनी तथा आनंद मेले का आयोजन प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने 20 मॉडल प्रस्तुत किये। इसके साथ ही साथ स्कूल परिसर में आनंद मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें 23 फूड स्टॉल लगाये गये। इनमें विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद आए विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों सहित लायन सदस्यों द्वारा लिया गया। उक्त कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, लायन वासुदेव देवांगन, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन मोहन गुलाबानी, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन एम. के. पारिक उपस्थित थे।



## अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में अंतर शाला विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का आयोजन

**अकलतरा।** अघोर विद्यापीठ पोंड़ी दलहा अकलतरा में विद्यार्थियों के छिपी प्रतिभा को निखारने एवं संवर्धन हेतु एक दिवसीय अंतरशाला विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेले का आयोजन पुलिस अधीक्षक विजय पांडे के मुख्य आतिथ्य एवं एसडीएम सुमित बघेल,परीक्षा नियंत्रक अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर डॉ तरुणधर दीवान ,अघोर विद्यापीठ शाला समिति सदस्य आलोक अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम में अघोर विद्यापीठ, राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा, रेडियंट पब्लिक स्कूल बरगवां,आत्मानंद स्कूल अकलतरा, सेंट जेवियर स्कूल अकलतरा, किनाराम स्कूल जांजगीर,ने भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार अघोर विद्यापीठ के छात्र मयूरेश पाटले एवं सेंट जेवियर के अंतरिक्ष, उत्कर्ष पटेल के ने गणित विषय पर एंगल निर्माण पर प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार लक्ष्य भारती एवं समूह ने रोबोट निर्माण पर प्राप्त किया। तीसरा पुरस्कार अघोर विद्यापीठ से ही प्राची एवं समूह मिनी हाइड्रो इलेक्ट्रॉनिक पर तथा अपूर्व राजे ने ड्रिप सिस्टम पर प्राप्त किया। चौथा पुरस्कार गरिमा साहू, पांचवा पुरस्कार मयूरेश छठवां पुरस्कार उन्नति एवं समूह व वंदिता एवं समूह ने सातवां पुरस्कार वसुंधरा एवं समूह ने आठवां पुरस्कार रिमझिम व अनुराग एवं समूह एवं तमन्ना नौवां पुरस्कार निहित एवं समूह एवं दसवां पुरस्कार निखिल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों के द्वारा बच्चों से उनके विज्ञान प्रदर्शनी पर आधारित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देखकर उन्हें संतुष्ट किया एवं अपने बेहतर कौशल का परिचय भी दिया। कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक बनाने के साथ-साथ यादगार बनाने हेतु आनंद मेले का आयोजन भी किया गया जिसमें विद्यालय के चारों सदन एबीआर हाउस, डीटी हाउस, के आर एवं मां हाउस के बच्चों ने अपने-अपने हाउस प्रभारी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं खेल के आयोजन से कार्यक्रम में आए अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को मोहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या श्रीमती अंजली दीक्षित के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में पोड़ी दल्हा सरपंच जितेंद्र सिंह, जनपद सदस्य ईश्वर साहू ,ओम प्रकाश सोनी, भारतेंदु सिंह, रघुवीर सिंह ,श्वेता सिंह, डॉ दयामणि साहू विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य क्षेत्रवासी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छग मरार पटेल समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**सक्ती।** छ. ग. मरार पटेल समाज द्वारा बुधवार 19 नवंबर शहर के गौरव पथ मार्ग पर स्थित डॉक्टरश्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन में एक दिवसीय युवक - युवती परिचय सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के प्रांतीय संरक्षक प्रेमलाल पटेल नवापारा शक्ति ने बताया कि छ. ग. स्तरीय मरारपटेल समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन समारोह का आयोजन सक्ती महासभा के तत्वाधान में रखा गया है, जो कि बुधवार को सामुदायिक भवन नटराज हॉटल के सामने में होंगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेषर सिंह पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, अध्यक्षता शोभाराम पटेल जिलाध्यक्ष मरार पटेल समाज सक्तीमहासभा करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुरेन्द्र कुमार पटेल प्रदेशाध्यक्ष छ. ग. अध्यक्ष, मंदिर समिति शिवरीनारायण महासभा, प्रेमलाल पटेल, दुर्गा प्रसाद पटेल, रामचंद पटेल, देवचरण पटेल, रामकुमार पटेल, प्रमोद कुमार पटेल, सुश्री पूर्णिमा पटेल उपस्थित रहेंगे।

## किसान स्कूल में आयोजित होगा राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह स्थित किसान स्कूल में 10 दिसंबर को राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के सैकड़ों महिला किसान शामिल होंगी। विविध प्रकार की ताजा और हरी भाजियां. भाजी महोत्सव को लेकर प्रदेश के किसानों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि जिले के जैविक क्रृषि ग्राम बहेराडीह में स्थित देश का पहला किसान स्कूल, जो कि वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के नाम पर संचालित है, जहां पर द्वितीय वर्ष 10 दिसंबर को दोपहर 2 बजे राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस महोत्सव में शामिल होने वाली सभी महिला किसान विविध प्रकार की ताजा भाजियां साथ लेकर पहुंचेंगी और भाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगी. प्रतियोगिता में पहला, दूसरा, तीसरा और सात महिला किसान को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, उन्हें भाजी दीदी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय भाजी महोत्सव में किसान स्कूल टीम के प्रगतिशील किसान व केंद्रीय रेशम बोर्ड, तसर अनुसन्धान व वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन द्वारा चेच भाजी और अमारी भाजी के रेशे से निर्मित कपड़ा का प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र होगा, वहीं बिहान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूहों के महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के भाजी के चूर्ण से तैयार बड़ी, पापड़, बीजोड़ी व अन्य सामग्री विक्रय हेतू स्टॉल लगाया जाएगा।

## प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रायपुर के दिशा निर्देशानुसार बाल दिवस के अवसर पर एफ एल एन मेला का आयोजन सिवनी के प्राथमिक शाला में किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता को विशेष महत्व दिया गया है। इसके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह एक विशेष कार्यक्रम बालक शाला सिवनी में आयोजित किया गया।

बलौदा विकास खंड के सिवनी जोन प्रभारी अशोक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि करके देखबो- सीख के रहीबो थीम पर आधारित इस मेला में कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को भाषा और गणित की बुनियादी अवधारणा में समझ बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के सीखने का स्टाल बच्चों के द्वारा लगाया गया। जिसमें बच्चों को एक साथ एक जगह पर सीखने का अनुकूल वातावरण मिल सके। आगे उन्होंने बताया कि इस आयोजन को राज्य के समस्त प्राथमिक शाला में एक साथ एक दिन रखा गया। बाल दिवस के दिन क्योंकि हम सभी जानते है प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव है और यदि भाषा



,गणित में उनकी बुनियाद को मजबूत कर दे तो आगे की कक्षा में उन्हें पढ़ने लिखने और समझने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इसी बात को ध्यान में रखकर खेल खेल में ही गतिविधि करके बच्चों को स्वयं से सीखने का रोचक वातावरण देना ही इस मेले का मुख्य उद्देश्य था। इस मेला में 22 स्टाल गणित, अंग्रेजी और भाषा की अलग अलग अवधारण पर आधारित लगाए गए, जिसके प्रभारी भी बच्चे ही थे संचालन भी वही कर रहे थे और आकलन भी साथ - साथ हो रहा था। बच्चों को भी यह रोचक लगा वे स्वयं निर्देशों को पढ़कर गतिविधि कर रहे थे। मेले को सफल बनाने में जोन प्रभारी अशोक तिवारी, यशवंत देवांगन,प्रधान पाठक गायत्री देवांगन, गीता श्रीवास , देवेंद्र सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

■ सिवनी के प्राथमिक शाला में एल एन मेला का किया गया आयोजन

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर में छात्राओं को साइकिल वितरित

**डोंगाकोहरौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसीर में कक्षा नौवीं कक्षा के छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव एवं प्रभारी प्राचार्य युवराज सिंह पैकरा शाला विकास प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ शासन की योजना अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नौवीं के 22 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम के शाला विकास प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों के सामूहिक उपस्थिति में साइकिल वितरण का कार्यक्रम संपन्ना हुआ। बच्चों को बताया गया कि स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण बहुत से छात्र पढ़ाई अधूरी में छोड़ जाते हैं। वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु बीच रास्ते में ही भटक जाते हैं, क्योंकि कई परिवार ऐसे होते हैं जो आर्थिक समस्याओं से जूझते रहते हैं और अपने बच्चों को सुविधा प्रदान करने में सक्षम नहीं होते हैं। ऐसे विद्यार्थी आगे की पढ़ाई करने के बजाय घर में रहना पसंद करते हैं। क्योंकि वह साइकिल खरीद नहीं सकते और साइकिल खरीदने की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह आगे की पढ़ाई अपने गांव तक ही सीमित कर देते हैं। इसीलिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बच्चों के आर्थिक और बहुत सारे समस्याओं को देखते हुए समस्त छात्रों को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल प्रदान करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य युवराज सिंह पैकरा, ब्याखाता फिरत राम बघेल, शिक्षिका स्वीटी खुटे, लक्ष्मण दिनकर ,सती कोसले एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य सहित शिक्षक-शिक्षिका बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




**TOP IN JANJGIR**

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जिले में 55 बिस्तरों का
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।

24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट



डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
नेत्र रोग विभाग



डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच





**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट



डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics(GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज



**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि।
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

**राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरिकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन

पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661


### कानून एवं शांति व्यवस्था के सम्बन्ध में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक बैठक आयोजित

# कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक मंगलवार 18 नवंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, पर्व-त्योहारों के दौरान भीड़ नियंत्रण, अपराध नियंत्रण, निगरानी तंत्र को सशक्त बनाने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सहित जिले में धान खरीदी महाअभियान संचालित है





बैठक में निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर।

सभी धान खरीदी केंद्रों में शांति पूर्ण ढंग से धान खरीदी कार्य हो इसका सभी राजस्व और पुलिस अधिकारी विशेष ध्यान रखें। जिससे किसी भी धान खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था से संबंधित मामलों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने राजस्व और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने जिले में कानून-व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जहां कही भी पुलिस विभाग की आवश्यकता होगी वहां हमें जरूर बताए। पुलिस विभाग तत्परता से पहुंचकर पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि अपराध नियंत्रण, पेट्रोलिंग व्यवस्था, सायबर अपराध रोकथाम तथा महिला सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई गई है तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संयुक्त रूप से समन्वय स्थापित करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चुरण हरी शंकर कश्यप उम्र 37 साल पिता राधेलाल कश्यप जाति कुर्मी निवासी वार्ड नं 20 इंदिरा नगर जांजगीर तहसील जांजगीर जिलाः जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का मूल निवासी हैं, जिनकी पुत्री के आधार कार्ड नंबर 3859 9535 3412 में नाम प्रसिध्दी कश्यप (Prasiddhi Kashyap) पिता का नाम हरिशंकर कश्यप (Harishankar Kashyap) लिखा हुआ हैं, जो कि गलत है। वास्तविक नाम प्रिसा कश्यप (Prisa Kashyap) पिता का नाम चुरण हरी शंकर कश्यप (Churan Hari shankar Kashyap) के नाम से जाना पहचाना जाता हैं, जो कि आधार कार्ड में यही नाम लिखा व पढ़ा जावेगा तथा सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय एवं बैंक पासबुक से लेकर आधार कार्ड व सभी कागजातों एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में प्रिसा कश्यप (Prisa Kashyap) पिता का नाम चुरण हरी शंकर कश्यप (Churan Hari shankar Kashyap) लिखा व पढ़ा जावेगा, इसमें किसी भी प्रकार कोई भ्रांति नहीं हैं, इस संदर्भ में दिनांक 14/11/2025 को शपथ पत्र भी सत्यापित किया गया है।
स्थान : जांजगीर
दिनांक : 14/11/2025
भवदीय
चुरण हरी शंकर कश्यप
मोबाईल नं 7898569232



# लाल किला में होने वाली थी राम चरण की 'पेड्डी' की शूटिंग

**मुंबई।** राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेड्डी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का कुछ हिस्सा दिल्ली के लाल किले में शूट होना था। लेकिन, दिल्ली में हुए एक बम विस्फोट के बाद इसे स्थगित कर दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शूटिंग रोक दी गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, राम चरण की अपकमिंग मूवी 'पेड्डी' का कुछ पैचवर्क पूरा किया जाना था, जिसके लिए टीम को 17 नवंबर को लाल किला और उसके आसपास के एरिया में शूटिंग करने की अनुमति थी। हालांकि, शेड्यूल में कुछ बदलाव हुआ। टीम ने 15 और 16 नवंबर को शूटिंग के लिए डेट्स ब्लॉक कर दीं।

## लाइफ Style

# राशा
## तेलुगु सिनेमा में तहलका मचाने को तैयार



फिल्म 'आजाद' से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकीं राशा थडानी अब साउथ फिल्म में नजर आएंगी। राशा ने 'उई अम्मा' गाने से सभी का दिल जीता। आज उन्होंने अपनी पहली तेलुगु फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास अंदाज में की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राशा ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपना एक धांसू लुक शेयर किया। जिसमें वह बाइक के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर के साथ राशा ने कैप्शन में लिखा, 'नई शुरुआत, अनंत आभार। मैं तेलुगु सिनेमा में कदम रख रही हूं।' आगे राशा ने अजय भूपति का धन्यवाद देते हुए लिखा, 'सर, इस अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सफर को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। बहरहाल, इस पोस्ट में राशा ने फिल्म का नाम नहीं बताया है। लेकिन उनके इस बोल्ड और हॉट लुक को देखकर लग रहा है कि वह इस बार कुछ अलग करने वाली हैं। राशा की पहली तेलुगु फिल्म को अजय भूपति निर्देशित करेंगे। अजय ने कई लोकप्रिय फिल्में निर्देशित की हैं, जिनमें उनकी पहली फिल्म 'आरएक्स 100', 'महा समुद्रम' और 'मंगलावरम्' शामिल हैं। अजय निर्देशक होने के साथ ही एक अच्छे लेखक भी हैं। राशा थडानी ने अभिनेत्री के तौर पर अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'आजाद' से की। राशा के अलावा यह फिल्म अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन की भी डेब्यू फिल्म थी। 'आजाद' एक पीरियड एक्शन-ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# बार एग्जाम की तैयारी पर हुईं भावुक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री और मॉडल किम कार्दशियन पिछले कुछ महीनों से वकील बनने के लिए कैलिफोर्निया बार एग्जाम की तैयारी कर रही थीं। लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं आया और वो असफल हो गईं थीं, जिसकी जानकारी उन्होंने दी थी। अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो साझा किया है। इसमें एक्ट्रेस ने परीक्षा के कुछ हफ्तों पहले अपनी तैयारियों की झलक दिखाई है। एक्ट्रेस किम कार्दशियन ने बार परीक्षा से दो सप्ताह पहले का वीडियो साझा किया है।



# निक जोनस ने 'वाराणसी' की टीम को दी बधाई...

**लॉस एंजिल्स।** निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म 'वाराणसी' की पूरी टीम को बधाई दी है। इसके साथ ही निक ने प्रियंका को 'मेरी देसी गर्ल' का टैग दिया। यह फिल्म एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही है और इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं। निक ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए पूरी टीम को बधाई दी और साथ ही में लिखा, 'पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म जरूर शानदार होगी।' इसके साथ ही निक ने प्रियंका के खूबसूरत लुक की भी तारीफ की। प्रियंका ने सफेद लहंगे में तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वह बहुत सुंदर लग रही थीं। उनके लुक में चोकर, मांग टीका, चूड़ियां और लंबी चोटी शामिल थी। निक ने उनकी तस्वीर पर कमेंट किया, 'बहुत खूबसूरत' और 'मेरी देसी गर्ल।' ग्लोबट्रॉटर इवेंट के बाद प्रियंका ने अपना लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया।



# साईं पल्लवी को मिला कलैमामणि अवॉर्ड

**मुंबई।** साई पल्लवी इन दिनों अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म 'रामायण भाग 1' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए साई को 'कलैमामणि अवॉर्ड' दिया गया। साई ने इस सम्मान के मिलने पर एक पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपनी खुशी जताई है। साई पल्लवी ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने दादा और दादी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसमें वे पुरस्कार का प्रमाणपत्र पकड़े नजर आ रही हैं। इसके अलावा साई ने तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ भी तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ साई ने कैप्शन में लिखा, 'कलैमामणि पुरस्कार मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं बचपन से इस नाम को सुनती आई हूं। तमिलनाडु सरकार, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और टीएन इयाल इसाई नादगा मंद्रम को धन्यवाद।



# आज रिलीज होगा धुरंधर का ट्रेलर

**मुंबई।** बीते दिनों फिल्म धुरंधर के निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज इवेंट को कैंसिल कर दिया था। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज की नई तारीख और समय का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही फिल्म से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है। इसमें उन्हें बेहद खतरनाक अंदाज में देख जा रहा है। निर्माताओं ने फिल्म 'धुरंधर' के ट्रेलर रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 18 नवंबर को दिन के 12 बजकर 12 मिनट पर फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा। यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एक स्पाई-थ्रिलर एक्शन फिल्म होगी। पहले फिल्म का ट्रेलर निर्धारित तिथि 12 नवंबर को रिलीज किया जाना था। हालांकि, मेकर्स ने दिल्ली धमाके और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के स्वास्थ्य का कारण बताते हुए इस कैंसिल कर दिया था।

## टीवी मसाला



# अमिताभ बच्चन की बात सुन मनोज के उड़ गए तोते

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 में फैमिली मैन 3 के एक्टर्स हॉट सीट पर थे। मनोज बाजपेयी, शारिब हासमी और जयदीप अहलावत ने गेम शो के दौरान खूब मजे किए। प्रोमो में मनोज बाजपेयी जयदीप अहलावत और शारिब हाशमी को अमिताभ बच्चन के साथ हुई एक खतरनाक घटना के बारे में बता रहे हैं। वह बताते हैं, 'अमितजी ने एक बार मुझे मार दिया था। मेरा हार्ट अटैक हो जाता सिर्फ अमितजी के कारण। ये पूरा प्लान किया गया था मुझे ऊपर लेके जाना का। मैं अवाक रह गया कि इन्होंने क्या बोला। इन्होंने मेरी जान ले ली थी।' इस पर अमिताभ बच्चन मनोज बाजपेयी से कहते रहे कि सबको पूरा सच बताएं कि असल में क्या हुआ था, लेकिन मनोज बाजपेयी ने ये राज नहीं खोला। हालांकि कपिल शर्मा के शो पर मनोज बाजपेयी एक बार बता चुके हैं कि बिग बी ने उनके साथ क्या प्रैंक किया था। मनोज और अमिताभ बच्चन अक्स फिल्म में साथ काम कर चुके हैं। मनोज ने बताया था कि एक एक्शन सीन में उन्हें 100 फीट से कूदना था। मनोज बाजपेयी ऊंचाई से डरते हैं। उन्होंने बताया था, 'पहले तो मैंने जाके देखा, मैंने कहा, यार किसी तरह यह अवॉइड हो सकता है क्या। एक्शन डायरेक्टर ने मुझे बहुत तैयार किया, मनोज तू घबरा मत, सब हो जाएगा, सिर्फ आंख बंद कर लेना। बच्चन साब रहेंगे वहां पे कुछ नहीं होगा तुझे। सब ठीक होगा बस अपनी आंखें बंद कर लो।' मनोज बाजपेयी ने बताया कि वह पूरे समय अपनी आंखें बंद किए रहे, उन्हें एक झरने के पास कूदने के लिए ले जाया जा रहा था। बोले, 'आंख बंद किया हुआ मैंने, बच्चन साब मेरा हाथ पकड़े हुए हैं। हम लोग करीब 80-85 फीट तक गए थे तो बच्चन साब की आवाज आई, मनोज यार कुछ हो जाए तो जया को बोल देना कि यार... मैंने कहा, सर मैं डर रहा हूं। वो बोले, यार सच में घर पर खबर कर देना।' इस शूट में मनोज बाजपेयी की हालत खराब हो गई थी।

## रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला बने विनर

नई दिल्ली। टीवी का पॉपुलर कपल रियालिटी शो धमाल विद पति पत्नी और पंगा का बीते रविवार को फिनाले था। ड्रामा, इमोशन और मनोरंजन से भरपूर इस शो का पहला सीजन खत्म हो गया है।



पति पत्नी और पंगा एक नए कॉन्सेप्ट की शुरुआत थी। इस रियालिटी शो के पहले सीजन के विनर टीवी जगत के लोकप्रिय कपल रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला हैं। इस जोड़ी ने सर्वगुण संपन्न टाइटल जीत शो का खिताब अपने नाम किया है। रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला ने गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी को हराकर शो की ट्रॉफी अपने नाम की। देबिना और गुरमीत दूसरे नंबर पर रहे। फैंस का मानना है अभिनव शुक्ला रुबीना के लिए लकी हैं। रुबीना के साथ अभिनव शुक्ला ने बिग बॉस में भी हिस्सा लिया था और एक्ट्रेस ने उस रियालिटी शो का खिताब भी अपने नाम करने में सफल रही थीं।

# मां ने जिस बेटी को बनाया सुपरस्टार उसी ने कोर्ट में घसीटा

*शोभना समर्थ का असल नाम सरोज शिलोत्री था। अभिनेत्री का शुरुआती जीवन बहुत कठिन रहा, क्योंकि पिता की मौत के बाद वे अपनी मां के साथ बॉम्बे में अपने मामा के घर आ गईं और वहीं कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। उनके मामा ने फिल्मों में काम करने का विरोध किया, क्योंकि फिल्मों में काम करने वाली लड़कियों को गलत नजर से देखा जाता था। उस वक्त रंगमंच या फिल्मों में महिलाओं का रोल करने के लिए पुरुष ही महिला बनते थे या सेक्स वर्कर महिला का किरदार निभाती थीं। इसके अलावा, इस पेशे में न तो ज्यादा वेतन मिलता था और न ही सम्मान। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए शोभना समर्थ ने फिल्मों में कदम रखा।*

**नई दिल्ली।** शोभना समर्थ ने करियर की शुरुआत 1935 में आई फिल्म 'निगाह-ए-नफरत' से की। फिल्म उर्दू और मराठी में रिलीज हुई थी, लेकिन बाद में फिल्म हिंदी में भी आई। फिल्म पर्दे पर असफल रही, लेकिन शोभना पहली ही फिल्म से चर्चा में आ गई थीं। वह 1937 में आई 'कोकिला', 1936 में आई 'दो दीवाने', 1938 में आई 'निराला हिंदुस्तान', और 1939 में आई 'पति पत्नी' समेत कई फिल्मों में दिखीं, लेकिन उन्हें पहचान 1943 में आई प्रसिद्ध फिल्म 'राम राज्य' से मिली, जिसमें उन्होंने मां सीता का रोल किया था।



### पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप

एक्ट्रेस ने फिल्म निर्देशक कुमारसेन समर्थ से शादी की। कपल चार बच्चों के माता-पिता बने। उन्होंने बेटी नूतन, तनुजा, चतुरा और एक बेटे जयदीप की परवरिश की। नूतन और तनुजा, दोनों 1950-1980 के दशक की शीर्ष अभिनेत्रियां रहीं। इतना ही नहीं, इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए तनुजा की बेटी एक्ट्रेस काजोल मशहूर अभिनेत्री रही हैं और आज तक पर्दे पर उनका जलवा कायम है। नूतन ने अपनी मां शोभना समर्थ पर पैसों के गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया था, जिससे बात कोर्ट तक जा पहुंची। नूतन का तर्क था कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी में जो पैसा आता है, वह नूतन के हिस्से में भी आता है, इसलिए वह अपने 30% हिस्से का ही टैक्स देंगी और बाकी टैक्स का भुगतान शोभना समर्थ को करना होगा।

# धर्मवीर में पहली बार बाल कलाकार के रूप में पर्दे पर आए थे बॉबी

**नई दिल्ली।** लॉर्ड बॉबी यानी एक्टर बॉबी देओल ने साल 1995 में फिल्म 'बरसात' से एक्टिंग डेब्यू किया था। मगर, पहली फिल्म से 18 साल पहले ही वे पर्दे पर नजर आ चुके थे। बॉबी देओल नजर आए बतौर बाल कलाकार। अपने पिता और दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की फिल्म 'धर्मवीर' में बॉबी देओल ने उनके बचपन का रोल निभाया। बॉबी ने सिर्फ एक डायलॉग बोलकर अपनी मासूमियत से दर्शकों का दिल जीत लिया। बॉबी देओल ने जब 'धर्मवीर' में काम किया तब उनकी उम्र महज छह साल थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया, 'मैं छह साल का था। मैं हमेशा से एक्टर बनना चाहता था, पापा की फिल्म धर्मवीर की शूटिंग हो रही थी और उन्हें एक बच्चा चाहिए था, जिसकी टांगे पापा की तरह हैवी हों, लेकिन उन्हें ऐसा कोई भी बच्चा नहीं मिल पाया, वहीं, एक मिला भी तो वह काफी कमजोर था'।



### एक रात पहले पिता धर्मेंद्र ने पूछा था सवाल

बॉबी देओल ने आगे कहा, 'फिर पापा ने मेरे बारे में सोचा। एक रात पहले ही उन्होंने मुझसे पूछा, 'क्या तुम मेरी फिल्म में काम करोगे? मेरे बचपन का रोल है। मैंने पापा को कहा, 'हां, क्यों नहीं'। अगले दिन मैं सेट पर गया। मुझे थोड़ी घबराहट हो रही थी। मुझे मेरे पिता की जैसी एक ड्रेस पहनाई गई। फिल्म में बॉबी देओल हथौड़ा मारकर पत्थर तोड़ते हैं। सीन में उनसे कहा जाता है, 'तू राम दीन का बेटा है। हथौड़े का एक फटका दस के बराबर होना चाहिए'। इस पर बॉबी देओल कहते हैं, 'ये बात है बाबा तो ये लो'। वह हथौड़ा मारते हैं और इसके बाद सीन में धर्मेंद्र की एंट्री हो जाती है।

## कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को रियल बनाने करते हैं कड़ी मेहनत

# इन कलाकारों ने बॉडी में किया इतना बदलाव कि पहचानना हुआ मुश्किल

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपने किरदार को निभाने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने किरदार को रियल बनाने के लिए ट्रेनिंग ली। कई कलाकारों ने अपना वजन घटाया। आज हम उन कलाकारों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने फिल्मों में किरदार निभाने के लिए अपनी बॉडी में बड़े बदलाव किए।*

**रणदीप हुड्डा :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सरबजीत' में अभिनय करने के लिए रणदीप हुड्डा ने अपनी बॉडी में बड़ा बदलाव किया था। सरबजीत सिंह के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने 28 दिन में अपना वजन 18 किलोग्राम कम कर लिया था। वजन घटने के बाद रणदीप हुड्डा को पहचानना मुश्किल हो रहा था।



**ऋतिक रोशन :** साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'सुपर 30' काफी चर्चा में रही। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में रही थी, क्योंकि फिल्म में आनंद कुमार का किरदार निभाने के लिए ऋतिक रोशन ने वजन बढ़ाया। उन्होंने अपने सिक्स पैक छोड़े थे, ताकि वह आम आदमी की तरह दिख सकें। उनके इस लुक की काफी तारीफ हुई थी।



**राजकुमार राव :** साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'ट्रैप्ड' में राजकुमार राव ने एक ऐसे शख्स का किरदार निभाया था, जो एक अपार्टमेंट फंस जाता है। इसके बाद वह कई दिनों तक भूखा रहता है। इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था। वजन कम करने के दौरान उन्होंने ब्लैक कॉफी और गाजर खाया।



**आमिर खान :** फिल्म 'दंगल' (2016) में आमिर खान ने पहले एक पहलवान, फिर दो बेटियों के कोच और पिता का किरदार निभाया है। कोच और पिता का किरदार निभाने के लिए आमिर खान ने पहले अपना वजन 27 किलो बढ़ा लिया। इसके बाद नौजवान पहलवान का किरदार निभाने के लिए उन्होंने वजन कम किया। फिल्म में उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया गया।



**फरहान अख्तर :** फरहान अख्तर उन कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने रियल दिखने के लिए अपनी बॉडी में बदलाव किए। फिल्म 'तूफान' (2021) में उन्होंने एक बॉक्सर का किरदार निभाया है। इसके लिए उन्होंने बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। अपने किरदार के हिसाब से दिखने के लिए उन्होंने वजन कम किया और काफी मेहनत की।



## खबर संक्षेप

### गौ माता के लिए चारा व्यवस्था करनें किसानों को प्रेरित करने लिया निर्णय



**जांजगीर-चांपा।** छतीसगढ़ गौ सेवा आयोग जिला समिति की बैठक नारायण कुंज में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव द्वारा जिले के गौठानों में गौ माता की चारा व्यवस्था हेतु पैराली की संग्रहण व किसानों को पैरादान के लिए प्रेरित करने पर निर्णय लिया गया। इस दौरान गौठानों की भौतिक व्यवस्था पानी,शेड, चारागाह हेतु भूमि की व्यवस्था पर सभी सदस्यों के बीच चर्चा हुई। बैठक में जिला सदस्य राहुल गुप्ता,ढाकेश्वर कश्यप,कोमल सिंहसर्वा, ब्लाक अध्यक्ष गजानंद कश्यप, प्रेमसागर कश्यप, रामस्नेही साहू नवागढ़,अनुजराम कश्यप, मोतीलाल कुर्रे, रामनारायण बंजारे, योगेन्द्र यादव,विजय कुमार मिश्रा, लीलाराम यादव, धीरेन्द्र नाथ योगी पामगढ़ उपस्थिति थे।

### भाषण, रंगोली, चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़चढ़कर लिया हिस्सा



**हसौद।** छत्तीसगढ़ राज्य 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। रजत जयंती थीम पर उत्सव तकनीकी प्रदर्शन छत्तीसगढ़ी विषयक भाषण रंगोली चित्रकला पोस्टर मांडल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख जे एस राज, प्राचार्य यू के बड़ा, पुष्पेन्द्र चन्द्रा, अंगद कश्यप, दौलत साहू, मुकेश साहू, रितुराज महिपाल, बबली बरेठ, चीनी, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती गीता यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थी मीनू, श्वेता, सिमरन, सिम्मी, छबी, गीतिका, सीमा, पप्पू, अनुज, पुष्पा, अनुराधा, अवंतिका, अनामिका ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### ज्ञानोदय स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता, वनभोज व विविध कार्यक्रम आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, फैंसी ड्रेस और वनभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मॉ सरस्वती के छाया चित्र पर धूप पूजन के साथ हुई। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती अर्चना यादव ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सहयोग, टीम भावना और आनंदपूर्ण सीखने की प्रवृत्ति को मजबूत करते हैं। बाल दिवस पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।खेलकूद और समूह गतिविधियों के अंतर्गत विद्यालय में बॉटल गेम, टुगेदर मूविंग गेम, एक्शन वर्ड एक्टिविटी और रोप स्किपिंग जैसे कई रोचक खेल आयोजित किए गए। प्राथमिक कक्षा तृतीय से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को वसुंधरा पार्क में वनभोज तथा खेलकूद कराया गया। माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक कक्षा - छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय परिसर में ही सामूहिक भोज और विभिन्न खेलकूद आयोजित किए गए। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों के उत्साह को बनाए रखते हुए सक्रिय रूप से सहभागिता की।कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट एवं गिफ्ट देकर शुभकामनाएं दी गईं।

## निधन

### श्रीमती सावित्री सोनी



**चांपा।** स्थानीय स्वर्णकार समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी सोनारपारा निवासी विश्वनाथ सोनी की माता श्रीमती सावित्री सोनी का सोमवार 17 नवम्बर को रात्रि 11 बजे निवास पर निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती सोनी अपने पीछे दो पुत्रों एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 19 नवम्बर को मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा पूर्वान्ह 11 बजे निवास से निकलेगी।

रखरखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# प्रभारी सचिव ने विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में धान उपार्जन कार्य सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले के प्रभारी सचिव श्रीमती किरण कौशल ने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के साथ विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंगलवार 18 नवंबर को प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति डोडकी, मसानिया खुर्द सहित अन्य धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए कितने एकड़ तक कितने टोकन कटा सकते है कि जानकारी का बैनर लगवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी धान उपार्जन केंद्रों के लिए नियुक्त नवीन खरीदी प्रभारियों या पंचायत सचिव को गांव-गांव में धान खरीदी कार्य का मुनादी कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीणजनों को धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि दो एकड़ तक वाले किसान एक टोकन, दो से दस एकड़ तक वाले किसान दो टोकन और दस एकड़ से अधिक वाले किसान तीन टोकन कटा सकते है। प्रभारी सचिव ने धान खरीदी कार्य से सम्बन्धित सभी अधिकारियों को शासन द्वारा तय मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नवगठित सक्ती जिले में भी डभरा विकासखण्ड के ग्राम देवरघटा से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हो गया है। इसी क्रम में जिले में धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेने सक्ती जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती किरण कौशल सक्ती पहुंची। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी और रखरखाव को लेकर संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती किरण कौशल ने धान उपार्जन केंद्रों के लिए नियुक्त समिति प्रबंधको से धान खरीदी की तैयारी, पंजीकृत किसानों की संख्या एवं रकबा, सुरक्षा व्यवस्था, धान की गुणवत्ता, बार दाना की उपलब्धता, परिवहन, शॉर्टेज और गेट पास आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में धान के उठाव की व्यवस्था की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी सचिव श्रीमती किरण कौशल ने बारदाने की स्थिति की जानकारी ली तथा सभी धान उपार्जन केंद्रों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने कहा। साथ ही खरीदी के बाद धान से भरे बारदानों को मशीन से सिलाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला खाद्य अधिकारी, जिला मार्कफेड अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंची प्रभारी सचिव, साथ में कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

### धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर एस्मा के तहत करे कार्यवाही

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी कार्य को सुचारू एवं बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के संबंध में सक्ती जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती किरण कौशल ने कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि धान खरीदी कार्य शासन की प्राथमिकता में है इसलिए इस कार्य में जिन भी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उन पर एस्मा के तहत सख्त कार्यवाही किए जाए। बैठक में प्रभारी सचिव द्वारा खाद्य अधिकारी से जिले में कुल धान खरीदी केंद्र, संवेदनशील धान खरीदी केंद्र सहित धान खरीदी कार्यों के व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने जिले के सभी सहकारी समितियों में उपलब्ध शासकीय कंप्यूटर का आईडी पासवर्ड रीसेट कर सभी कंप्यूटरों को तत्काल चालू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी पूर्व कर्मचारी द्वारा कंप्यूटर को लॉक कर दिया गया है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें तथा आवश्यकतानुसार तत्काल एफआईआर दर्ज कराए। प्रभारी सचिव ने सभी धान खरीदी केंद्रों में सुव्यवस्थित स्टैकिंग सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में चेक लिस्ट के अनुसार सभी आधारभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में एग्रीस्टेक के अंतर्गत किसानों के पंजीयन, गिरदावरी सत्यापन की प्रगति, खरीदी केन्द्रों में बारदाना की व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने जिले में अवैध धान के परिवहन रोकने के लिए की गई तैयारी की जानकारी ली तथा सभी संबंधित अधिकारियों को सक्रियता से बेहतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।



# हार एक पल की बाधा है कोई अंत नहीं : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ सिवनी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए भाजपा नेता

कबड्डी के खिलाड़ी और आयोजन के नाम से गौरव ग्राम सिवनी का जिले में विशिष्ट स्थान है। कई दशको से प्रतिवर्ष आयोजन करके उस परम्परा को आदर्श सेवा समिति एवं ग्रामवासी जीवित रखे हैं।

उक्त बातें कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने कही। उन्होंने आगे कहा कि हार एक पल की बाधा है कोई अंत नहीं, असफल हुई टीम को अपनी कमजोरियों से सीख लेते हुए एवं विजयी टीम की विशेशता को ध्यान मे रखते हुए पुनः मैदान मे उतरने के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष ग्राम पंचायत पाली के सरपंच बसंत पटेल ने कहा कि सिवनी ग्राम कबड्डी के लिए प्रसिद्ध है और ग्रामवासी उस परंपरा का निर्वहन कर रहे है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच श्रीमती बाई महारथी ने प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों के उज्वल भविश्य की कामना की। सभा को कार्यक्रम के विशिश्ट अतिथि सुनील भवानी प्रतिनिधि जनपद सदस्य, रजनीकांत तिवारी सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत कन्हाईबंद, भाजपा नेता शैलेन्द्र पाण्डेय, सतीश शर्मा, सुशील सिंह, संजय यादव, श्रीमती सुनीता रामनारायण वस्त्रकार, रमाकांत पाठक ग्राम सचिव, जानू राठौर, अमित मिश्रा ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता का विजेता का प्रथम पुरस्कार 20001 एवं ट्राफी शिवाजी बिलासपुर, द्वितीय पुरस्कार अमलडीहा, तृतीय पुरस्कार कोरबा एवं चतुर्थ पुरस्कार परसाहीनाला ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे माइक संचालन विजय सिंह राठौर, विमल मोहन पाण्डेय एवं अजय यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन मे आदर्श सेवा समिति के अध्यक्ष राजकिरण बरेठ, उपाध्यक्ष कृश्णा बरेठ, कोशाध्यक्ष डिगेश्वर बरेठ, सचिव गोपाल बरेठ, सहसचिव प्रवीण श्रीवास का विशेष सहयोग रहा।

# ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच ने बालगृह के बच्चों को वितरित किया जैकेट, स्वेटर व चॉकलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

शीतऋतु में जरूरतमंद बच्चो की ठंड से सुरक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने हेतु ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल गृह जांजगीर में निवासरत बालको को जैकेट, स्वेटर,वेसेलिन एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। लगातार बढ़ रही कड़ाके के ठंड को देखते हुए ये पुनित कार्य किया गया साथ ही साथ वर्षभर पड़ने वाले त्योहारों को बच्चों के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के सदस्यों ने कहा कि विगत कई वर्षों से मंच द्वारा सेवा कार्य तत्परता से किया जा रहा है,जनहित में किया गया सेवा कार्य पुनीत होता है,हम जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे तो समाज मजबूत होगा आपस में सौहार्द बढ़ेगा । स्वेटर पाकर लाभान्वित बच्चों एवं हॉस्टल अधीक्षक मनीष लाल ने ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के प्रति आभार जताया ।इस अवसर पर वीना शर्मा,नीरा शर्मा,सीता पाण्डेय,जयंती दुबे,गीता मिश्रा, अल्का शर्मा, आशा दुबे, किरण पाण्डेय, पूर्णिमा शर्मा, अनुराधा शुक्ला,किरण शुक्ला, डॉ मीनाक्षी शर्मा, प्राची पाण्डेय, प्रियंवदा पाण्डेय,शालिनी शर्मा, जूही गौरहा उपस्थित थे ।



बालगृह के बच्चों को सामग्री वितरण करने पहुंची ब्राहमण नारी नवचेतना मंच के पदाधिकारी।

### निःशुल्क मेगा कैम्प का आयोजन 23 को

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस लाइन जांजगीर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 23 नवंबर को होगा। इस कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न तरह की बीमारियों की जांच की जाएगी। यह शिविर 23 नवंबर को सुबह 9 बजें से अपराह्न 2 बजें तक आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर लोकेंद्र कश्यप, डॉक्टर प्रियंका देशमुख, डॉ प्रफुल्ल चौहान, डॉ वसुंधरा कश्यप, डॉ अतीक सिद्धिकी, डॉ गुफलासा सिद्धिकी, डॉ पारुल राठौर,डॉ पुष्पेंद्र पटेल, डॉक्टर निकिता सिंह और डॉक्टर ऋतुराज सिंह अपनी सेवाएं देंगे।

# लायंस क्लब के निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर से 56 लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

■ रायगढ़ की चिकित्सक डॉ. रश्मि गोयल ने दी सेवाएं

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा रविवार 16 नवम्बर को लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में निःसंतान दंपत्तियों के लिए जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चले शिविर में अपेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं आई. वी. एफ. सेंटर रायगढ़ की चिकित्सक डॉ. रश्मि गोयल ने अपनी सेवाएं प्रदान की जिससे कुल 56 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर का शुभारंभ करते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब की सेवा गतिविधियों के तहत आज का शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे नगर व क्षेत्र के अनेक निःसंतान दंपत्ति लाभान्वित होंगे। करीब तीन घण्टे तक चले शिविर के दौरान डॉ. रश्मि गोयल ने 56 दंपत्तियों की आवश्यक जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श प्रदान किया। शिविर के अंत में लायंस क्लब की ओर से अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन राजेश अग्रवाल तथा कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव देवांगन तथा लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने डॉ. रश्मि गोयल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



चिकित्सक को स्मृति चिन्ह भेंट करते लायन पदाधिकारी।

# बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध चलाया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जनजाति गौरव पखवाड़ा दिवस के दिन शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में प्रार्थना के समय विद्यार्थियों को बिरसा मुंडा एवं जनजाति गौरव दिवस का वाचन शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने पढ़कर सुनाया।

■ बिरसा मुंडा के जयंती पर जनजाति गौरव दिवस पर किया गया वाचन

श्री कश्यप ने जनजातीय गौरव दिवस का वाचन करते हुए कहा कि यह दिन महान जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आधारित है। बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार के विरुद्ध उलगुलान आंदोलन चलाया। उन्होंने जनजातीय समाज को एकता, स्वाभिमान और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। बिरसा मुंडा ने जंगल, जमीन और संस्कृति को बचाने का संदेश दिया जो आज भी हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है जनजाति नायकों के बलिदान को याद करना, उनके संस्कृति को सम्मान देना और युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ना। भारत के कई जनजातीय नायकों ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। रानी दुर्गावती, टंट्या भील, सीदो कानों ,बुधु भगत जैसे वीरों ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया और समाज को जागृत किया। छत्तीसगढ़ भी जनजातीय वीरों की गौरवशाली भूमि है। वीर नारायण सिंह (सोनाखान) ने 1857 में अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ विद्रोह किया और भूख से पीड़ित जनता की सहायता के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।



# निःशुल्क रक्त शर्करा परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

**खास बात**

■ 100 मरीज हुए लाभान्वित

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा शनिवार 15 नवम्बर को लायंस भवन में निःशुल्क रक्त शर्करा (मधुमेह) परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 8 से पूर्वान्ह 11 बजे तक चले शिविर से कुल 100 मरीज लाभान्वित हुए।

शिविर का शुभारंभ करते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर पीड़ित मानवता की सेवा के लिए विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसके तहत विश्व में प्रतिदिन सुरसा की तरह मुख फैलाती मधुमेह जैसी बीमारी के समय पर परीक्षण कर उसके निदान हेतु आज निःशुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान कुल 100 मरीजों की निःशुल्क रक्त शर्करा की जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श प्रदान किया गया।



रक्त की जांच करती चिकित्सक व मौजूद लायन पदाधिकारी

### मठ मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सुनने दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु

# किसी भी मार्ग पर चलें अपने ईश्वर के प्रति सच्ची निष्ठा जरुरी : मधुसूदनाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण मठ महोत्सव में मंगलवार 18 नवंबर को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा का रसपान कराते हुए अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज (अयोध्या धाम ) ने श्रोताओं से कहा कि भगवान ही संसार के बनाने वाले हैं, इसके निर्माण में वे किसी का सहारा नहीं लेते। बनाने वाले भी भगवान हैं और बनने वाले भी भगवान ही हैं। इस संसार में सभी जगह पर भगवान ही समाये हुए हैं, वे निर्गुण और सगुण दोनों ही रूपों में विद्यमान है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा को न केवल सुनना चाहिए अपितु उसका चिंतन और मनन भी करना चाहिए इससे कथा श्रवण का लाभ प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रश्नों का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि -जीव मात्र का कल्याण किस में है ? सभी वेदों का सार क्या है? भगवान अवतार क्यों लेते हैं? अवतार लेकर के उन्होंने क्या-क्या किया? भगवान के कितने अवतार हैं ? भगवान कृष्ण के जाने के बाद धर्म ने किसका आश्रय लिया? इन प्रश्नों का समुचित समाधान करते हुए उन्होंने बताया कि- मन, वचन और कर्म से किसी प्रकार किसी भी प्राणी को सुख या शांति प्रदान करना ही भगवान की भक्ति है। हमारे वाणी से किसी को शांति मिलती है तो वह भी भगवान की भक्ति ही है। अवतार का मुख्य प्रयोजन उन्होंने करुणा को निरूपित किया और कहा कि यद्यपि श्रीमद् रामचरितमानस और श्रीमद् भागवत महापुराण में भगवान के अवतार के लिए धर्म को विशेष कारण माना गया है किंतु भगवान करुणा सिंधु हैं और जीव मात्र पर करुणा करने के लिए अवतार धारण करते हैं । भगवान ने अवतार धारण करके इस संसार में क्या-क्या किया ? इसे समझने के लिए श्रीमद् रामचरितमानस और श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा को सुनना होगा। मुख्य यजमान के रूप में राजेश्री महन्त रामसुंदर दास महाराज हमेशा की तरह मंच पर विराजित थे। द्वितीय दिवस कथा श्रवण के लिए जिला बिलासपुर, बलौदा बाजार -भाटापारा, सारंगढ़ -बिलईगढ़, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती जिलों से श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।



ब्यासपीठ पर विराजमान मधुसूदनाचार्य महाराज का तिलक लगाकर अभिनंदन करते महामंडलेश्वर राजेश्री महंत।

